Solapur martyrs: Mallappa Dhanshetti, Shrikisan Sarada, Jagannath Shinde and Abdul Rasul Kurban Hussain

Mallappa Dhanshetti (1898-1931)

Mallappa Dhanshetti was born in 1898. His ability to turn the stick was commendable. Dhanshetti was instrumental in bringing the common people of Solapur to the forefront of the freedom struggle. He was the first to be honoured in the procession of sticks set out during the fair of Shri Siddharmeshwar, it was an inspiration to the Shraddhananda community, Ganeshotsav and processions of Ganpati immersion. Rathyatra taken out by Shubhrai Math on Mahaekadashi saw his active participation in carrying them out peacefully and smoothly.

Jagannath Shinde (1906-1931)

Jagannath Shinde was a person with an indomitable will for independence, perseverance, confidence, fearlessness and zeal for accomplishment. He was born in 1906. He was mainly working in the Railway and Mill Workers Union. He was at the forefront of the labour movement. He worked hard to get more scholarships for the education of poor Maratha children. He had also participated in the Satyashodhak Parishad held in Mumbai.

Abdul Rasul Kurban Hussain (1910-1931)

Abdul Rasul Kurban Hussain was born into a family of frame makers. Lokmanya Tilak and Mahatma Gandhi were his inspiration. He was committed to the five principles: freedom, swadeshi, equality, socialism and Hindu-Muslim unity. He participated in rallies, marches and processions under the leadership of Dr. K.V. Antrolikars, his zeal for Hindu-Muslim unity was evident in his writings and speeches. Abdul Rasul Kurban Hussain was an iconic symbol of how a patriotic Muslim should be.

Shrikisan Sarada (1893-1931)

Shrikisan Sarada was a proud public figure, a person who generously helped in religious activities. He was born in 1893. His grandfather Govindrao Sarada came to Solapur for trade and settled there. On May 4, 1930, the British government arrested Mahatma Gandhi from Surat and he was sent to Yerawada Jail in Pune. As soon as the news of Gandhiji's arrest was reported in the newspapers on May 5, the people staged a strike, a procession and a public meeting to protest against the government. On May 7, 18,000 mill workers went on strike. The people of Solapur staged a huge protest procession.

As the procession approached the Bali gate, a crowd in the procession went to the Rupabhavani temple. There they peacefully cut down shindi trees and symbolically protested against the British government. At that time, the British police inhumanely beat eight members of the crowd and threw them into a police vehicle. Collector Knight and D.S.P. Flair got there. Collector Knight pulled out a pistol and got out of the car. As soon as Mallappa Dhanshetti realized this, he rushed there and calmed the crowd for a while and saved their lives. A request to release the eight people who were arrested by the police at that time was raised.

While the discussion was going on, Shankar Shivdare, an 18 years old boy, approached the Collector with a tricolor flag in his hand. He was shot dead by a sergeant near the Collector. The crowd dispersed. The frightened Collector Knight picked up the names of the eight and released them. However, three more people were killed in the indiscriminate firing by the police and the crowd dispersed and marched on the nearby Peth police station on Tuesday. The police post was set on fire.

Mallappa Dhanshetti, outraged by the conservative remarks about the citizens, ran over the Collector and grabbed a chair to kill him. So Collector Knight was holding a duke on them. As Shrikisan Sarada, a friend of Mallappa Dhanshetti, was financing the freedom movement, Collector Knight was furious with Sarada. All the youths were behind Jagannath Shinde who was a great organizer. Shinde's involvement in the freedom movement was very much in the eyes of Collector Knight. Abdul Rasul Kurban Hussain was using the labour movement to fight for independence. Hindu-Muslim unity was being brought about through his weekly 'Gajanfar'. The leases of the British monarchy were being removed. That is why Abdul Rasul Kurban Hussain was on the radar of Collector Knight. He planned to teach all four of them a lesson.

Collector Knight deliberately fabricated evidence against Dhanshetti, Shinde, Sarada and Kurban Hussain in connection with the deaths of two policemen in an unidentified mob attack. Twelve false witnesses stood. During the trial, Judge Wadia did not allow the accused party to cross-examine the witnesses and did not allow any of the accused to cross-examine the witnesses. The lawsuit was just farce.

It was decided to execute all the four. On June 6, 1930 all four were sentenced to death. The case was settled within a month of the incident. A week before the verdict was announced, Collector Knight had written a letter to his superiors seeking permission to hang the accused in a public place to intimidate the citizens. The four patriots were hanged on January 12, 1931. It was first day of the local fair of Siddharameshwar Temple. The British administration chose the day with a vicious intention of insulting the local people and making them learn a lasting lesson.

It is a fact that India acquired freedom by virtue of the sacrifices of thousands of these revolutionaries.

Department of Posts is pleased to issue a Commemorative Postage Stamp on Mallappa Dhanshetti, Shrikisan Sarada, Jagannath Shinde and Abdul Rasul Kurban Hussain.

Credits:

Stamp/ FDC/ Brochure/ Cancellation cachet	:	Smt. Alka Sharma
Text	:	Based on information received from the proponent

भारतीय डाक
India Post

डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS

सोलापूर के चार हुतात्मा
12 जनवरी 1931



मल्लप्पा धनशेट्टी
MALLAPPA DHANSHETTI

श्रीकिसन सारडा
SHRIKISAN SARADA

जगन्नाथ शिंदे
JAGANNATH SHINDE

अब्दुल रसूल कुर्बान हुसेन
ABDUL RASUL KURBAN HUSSAIN

विवरणिका BROCHURE

सोलापूर के शहीदः मल्लप्पा धनशेट्टी, श्रीकिसन सारडा, जगन्नाथ शिंदे और अब्दुल रसूल कुर्बान हुसेन

मल्लप्पा धनशेट्टी (1898–1931)

मल्लप्पा धनशेट्टी का जन्म 1898 में हुआ। वे छड़ी घुमाने की कला में अत्यंत माहिर थे। मल्लप्पा धनशेट्टी ने सोलापूर के आम लोगों को स्वतंत्रता संग्राम की अग्रिम पंक्ति में लाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री सिद्धरामेश्वर के मेले में आयोजित छड़ी घुमाने की यात्रा में सम्मानित होने वाले वे प्रथम व्यक्ति थे और यह श्रद्धांनद समुदाय के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय था। वे गणेशोत्सव तथा गणपति विसर्जन की यात्राओं और महाएकादशी के अवसर पर शुभराय मठ द्वारा निकाले जाने वाली रथ यात्रा में पूरे उत्साह से शामिल होते थे और यह सुनिश्चित करते थे कि ये यात्राएं शांतिपूर्ण ढंग से और सुचारू रूप से संपन्न हों।

जगन्नाथ शिंदे (1906–1931)

जगन्नाथ शिंदे का व्यक्तित्व स्वतंत्रता, दृढ़ता, आत्मविश्वास, निडरता और लक्ष्यसिद्धि की अदम्य इच्छाशक्ति से भरा था। उनका जन्म 1906 में हुआ। वे मुख्य रूप से रेलवे एवं मिल मजदूर यूनियन के सरोकारों के लिए प्रयासरत रहे। श्रमिक आंदोलन में वे अग्रणी भूमिका में रहे। उन्होंने गरीब मराठा बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति दिलाने की दिशा में अथक प्रयास किया। श्री जगन्नाथ शिंदे मुंबई में आयोजित सत्यशोधक परिषद में भी शामिल हुए।

अब्दुल रसूल कुर्बान हुसेन (1910–1931)

अब्दुल रसूल कुर्बान हुसेन का जन्म फ्रेम निर्माण के कार्य से जुड़े एक परिवार में हुआ था। लोकमान्य तिलक और महात्मा गांधी उनके प्रेरणा स्रोत थे। अब्दुल रसूल, स्वतंत्रता, स्वदेशी, समानता, समाजवाद और हिंदू–मुस्लिम एकता के पांच सिद्धांतों के प्रति समर्पित थे। अब्दुल कुर्बान हुसैन ने, डॉ. के. वी. एंट्रोलिकर के नेतृत्व में रैलियों, मार्चों और जुलूसों में भाग लिया। उनके लेखन और भाषणों में हिंदू–मुस्लिम एकता के लिए उनका उत्साह मुखर रूप से अभिव्यक्त होता है। अब्दुल रसूल कुर्बान हुसेन इस बात की शानदार मिसाल थे कि किसी राष्ट्रभक्त मुसलमान का व्यक्तित्व कैसा होना चाहिए।

श्रीकिसन सारडा (1893–1931)

श्रीकिसन सारडा सार्वजनिक जीवन की बुलंद शख्सियत थे, जिनका व्यक्तित्व स्वाभिमान की चमक से सजा था। वे धार्मिक कार्यकलापों में उदार चित से भाग लेते थे। उनका जन्म 1893 में हुआ। उनके दादा गोविंदराव सारडा व्यापार के लिए सोलापूर आए और वहीं बस गए। 4 मई, 1930 को ब्रिटिश सरकार ने सूरत से महात्मा गांधी को गिरफ्तार कर पुणे की यरवदा जेल भेज दिया। जैसे ही 5 मई को अखबारों में गांधीजी की गिरफ्तारी की खबर आई, लोगों ने सरकार के विरोध में हड़ताल की, जुलूस निकाला और एक जनसभा का आयोजन भी किया। तत्पश्चात् 7 मई को 18,000 मिल मजदूर हड़ताल पर चले गए। सोलापूर के लोगों ने विद्रोह करते हुए एक विशाल जुलूस निकाला।

जुलूस जैसे ही बाली गेट के पास पहुंचा, तो उसमें शामिल कुछ लोगों का समूह रूपभवानी मंदिर में दाखिल हो गया। वहां उन्होंने शांतिपूर्वक शिंदी के पेड़ों को काटकर प्रतीकात्मक रूप से ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध विरोध–प्रदर्शन किया। उस समय, ब्रिटिश पुलिस ने अमानवीय रूप से भीड़ के 8 सदस्यों को पीटा और पुलिस वाहन में बंद कर दिया। कलेक्टर (जिलाधीश) नाइट और डी.एस.पी. फ्लेयर घटनास्थल पर पहुंचे। कलेक्टर नाइट ने पिस्तौल निकाली और कार से बाहर निकल गए। जैसे ही मल्लप्पा धनशेट्टी को इस बात का अहसास हुआ, वे वहां पहुंच गए और उन्होंने थोड़ी देर के लिए भीड़ को शांत किया और इस प्रकार उनकी जान बचाई। उस समय वहां मौजूद जनसमूह ने पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 8 लोगों को रिहा करने की पुरजोर मांग उठाई।

जब यह चर्चा चल ही रही थी, तभी शंकर शिवदारे नाम का एक 18 वर्षीय किशोर हाथ में तिरंगा झंडा उठाए कलेक्टर के पास पहुंच गया। तभी कलेक्टर के नजदीक खड़े सार्जेंट ने गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद भीड़ तितर–बितर हो गई। इस सबसे भयभीत होकर कलेक्टर नाइट ने पकड़े गए आठ लोगों को रिहा कर दिया। हालांकि पुलिस द्वारा की गई इस अंधाधुध गोलीबारी में तीन और लोगों की जान चली गई और भीड़ तितर–बितर हो गई। इसके बाद मार्च करते हुए लोग मंगलवार को पेठ पुलिस स्टेशन पहुंचे और इस पुलिस चौकी को आग लगा दी।

जनसामान्य के बारे में की गई तीखी टिप्पणियों से मल्लप्पा धनशेट्टी इतने आक्रोशित हुए कि आवेश में आकर लपक कर कलेक्टर तक जा पहुंचे और उसे मार डालने के इरादे से कुर्सी उठा ली। तभी से ये लोग कलेक्टर नाइट के निशाने पर थे। चूंकि, धनशेट्टी के मित्र, श्रीकिसन सारडा स्वतंत्रता आंदोलन के कार्यकलापों में आर्थिक रूप से मदद पहुंचा रहे थे, इसलिए कलेक्टर नाइट सारडा पर अत्यंत क्रोधित थे। समस्त युवावर्ग जगन्नाथ शिंदे के पीछे मजबूती से खड़ा था। श्री जगन्नाथ शिंदे एक कुशल संगठक थे। स्वतंत्रता आंदोलन में शिंदे की भागीदारी कलेक्टर नाइट की नजर में थी। अब्दुल रसूल कुर्बान हुसेन, मजदूर आंदोलन के बहाने स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे थे। उनके द्वारा प्रकाशित 'गजनफर' नामक साप्ताहिक के माध्यम से हिंदू–मुस्लिम एकता का सपना साकार किया जा रहा था। ब्रिटिश हुकूमत की बेड़ियों का धीरे–धीरे काटा जा रहा था। यही कारण था कि कुर्बान हुसेन, कलेक्टर नाइट के राडार पर थे और उसने इरादा कर लिया कि वे इन चारों को कड़ा सबक सिखाएगा।

कलेक्टर नाइट ने अज्ञात भीड़ द्वारा किए गए हमले में दो पुलिस कर्मियों की मौत के मामले में धनशेट्टी, शिंदे, सारडा और कुर्बान हुसेन के खिलाफ फर्जी सबूत तैयार किए। 12 झूठे गवाहों की गवाहियां हुईं। सुनवाई के दौरान, जज वाडिया ने अभियुक्त पक्ष को इन गवाहों के प्रति–परीक्षण की इजाजत नहीं दी और चारों में से कोई भी अभियुक्त किसी भी गवाह का प्रति–परीक्षण नहीं कर सका। यह मुकदमा पूरी तरह दिखावा था।

फैसला किया गया कि चारों को मृत्युदंड दिया जाएगा और 6 जून, 1930 को इन चारों को मौत की सजा सुनाई गई। इस मामले को, इस घटना के मात्र एक माह के भीतर निपटा दिया गया। फैसला आने से एक सप्ताह पहले कलेक्टर नाइट ने अपने वरिष्ठों को पत्र लिखकर उनसे यह इजाजत मांगी कि इन चारों को सार्वजनिक रूप से फांसी दी जाए ताकि लोगों में डर बैठ जाए। इन चारों देशभक्तों को 12 जनवरी, 1931 को फांसी दे दी गई। यह सिद्धरामेश्वर मंदिर के स्थानीय मेले का पहला दिन था। ब्रिटिश हुकूमत ने जानबूझकर यह दिन तय किया था क्योंकि उनका इरादा यह था कि स्थानीय लोगों की भावनाओं का अपमान किया जाए और उन्हें कड़े से कड़ा सबक सिखाया जाए।

यह सत्य है कि भारत ने ऐसे ही हजारों क्रांतिकारियों की कुर्बानी की बदौलत ही अपनी आजादी पाई।

डाक विभाग मल्लप्पा धनशेट्टी, श्रीकिसन सारडा, जगन्नाथ शिंदे और अब्दुल रसूल कुर्बान हुसेन पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।

आभार :

डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका / विरूपण कैशे : श्रीमती अलका शर्मा

पाठ : प्रस्तावक से प्राप्त सामग्री के आधार पर

भारतीय डाक
India Post

डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	:	500 पैसे
Denomination	:	500 p
मुद्रित डाक-टिकटें	:	302400
Stamps Printed	:	302400
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at
http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक-टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्यः ₹ 5.00